संक्षिप्त

निःशुल्क चेकअप कैंप का आयोजन

चाकसू। निमोडिया रोड स्थित अपनत्व फ्यूचर जोन एकेडमी में लाइफ केयर क्लब, जयपुर द्वारा हेल्थ सेमिनार और निःशुल्क चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 50 से अधिक लोगों ने अपना चिकित्सा जांच करवाया और कैसे हम डॉक्टर फ्री लाइफ जी सकते हैं उसके बारे में जाना। इस चेक अप कैंप में जयपुर से लाइफ केयर क्लब के प्रतिनिधि और सीनियर वेलनेस कोच अमित खंडेलवाल , सुरभि गुप्ता , ज्योति खंडेलवाल पधारी और उन्होंने इस भागदौड़ भरी जिंदगी में हमारे ब्रेकफास्ट को बदलाव कर किस तरीके से हेल्दी लाइफ को जीया जा सकता है उसके बारे में अवगत कराया। ढाई घंटे के इस सेशन में चाकसू के ही वेलनेस कोच हरिशंकर जी गौतम एवं अपनत्व फ्यूचर जॉन एकेडमी के भवानी सिंह भी उपस्थित रहे। इस चिकित्सा शिविर में बीमारियों से और डॉक्टर से दूर रहने के उपाय हेल्दी लाइफ़स्टाइल और योग से व्यायाम से बीमारियों को दूर करने के तौर तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण अवार्ड से सम्मानित

राजगढ़। उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ला के शिक्षक दिनेश कुमार सैनी को गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन ज्ञान लाइव एजुकेशन और अली बोर्ड द्वारा किया गया। इसमें चौदह राज्यों के शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के तहत देश के 120 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शिक्षक दिनेश कुमार सैनी का चयन पर्यावरण संरक्षण के आधार पर किया गया। इनके द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी पेड़ पौधों में लगातार पानी दिया जाता है और पर्यावरण के संरक्षण को लेकर अनेक प्रकार के कार्य किए गए और पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का कार्य भी किया गया जिससे पक्षी अपनी प्यास बुझाते हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से बच्चों और उनके माता-पिता को पर्यावरण संरक्षण के बारे में मोटिवेट किया जाता है। पिछले वर्ष सनी को बेहतरीन कार्य के लिए राज्य पुरस्कार शिक्षक सम्मान से भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि गजेंद्र भाई जोशी,पुलकित जोशी,चेतन पटेल तारल और महेश रहे।

नितिन छाबड़ा का जैन समाज ने किया सम्मान

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा दिगम्बर जैन नसियां मंदिर में भाजपा शहर मण्डल के नवनियुक्त अध्यक्ष नितिन छाबड़ा का जैन समाज के लोगों ने राजस्थानी परम्परानुसार पगड़ी एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। जैन धर्म प्रचारक विमल जौला ने बताया कि नितिन छाबड़ा का भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष नियुक्त होने पर छाबडा को शिखरचंद काला, सुनील भाणजा, रिंकु झांझरी, विनोद जैन, विमल गिन्दोड़ी, सुशील गिन्दोड़ी, राकेश संघी, नवरत्न टोंग्या एवं पवन बोहरा सहित लोगों ने राजस्थानी परम्परा अनुसार स्वागत किया। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष नितिन छाबड़ा ने जैन समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया।

हनुमान बने महासभा के जिलाध्यक्ष

निवाई। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष पद के चुनाव संपन्न हुए जिसमें हनुमान जांगिड रानोली ने कालूराम जांगिड़ दूनी को 150 मतों से हराकर जिलाध्यक्ष के पद पर विजय हासिल की है। चुनाव अधिकारी महेश झोंप्लया व सुनील माकड़ ने बताया कि जिलाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर मतदान के लिए निवाई तहसील के मतदाताओं के लिए विश्वकर्मा मंदिर तथा अन्य सभी तहसीलों के मतदाताओं के लिए विश्वकर्मा मंदिर टोंक में मतदान केंद्र बनाया गया। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे तक 55 प्रतिशत एवं शाम 5 बजे तक 85 प्रतिशत मतदान हुआ।

मालपुरा में निकाली तिरंगा यात्रा, रैली में गुंजे देशभक्ति के नारे

मालपुरा। पहलगाम मे हुये आतंकी हमले मे आतंकवादियो द्वारा धर्म पूछकर पर्यटको की कि गई निर्मम हत्या पर पलटवार करते हुये भारतीय सैनिको द्वारा ऑपरेशन सिन्दुर अभियान के तहत पाकिस्तान के घर मे घुसकर आतंकवादी ठिकानो को नष्ट कर आतंकवादियो को सिन्दुर की ताकत का एहसास करवाये जाने पर भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा देशभर मे निकाली जा रही तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के अन्तर्गत रविवार को मालपुरा मे भी निकाली गई तिरंगा यात्रा। पुरानी तहसील बारादरी बालाजी मंदिर रामचरितमानस हॉल मे मौजूद देश प्रेमियो को सम्बोधित करते हुये केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि 2014 से पूर्व भारत पर हो रहै आतंकवादी हमलो एवं पाकिस्तान की करतुतो का जवाब देने मे कौताही बरती जाती थी लेकिन अब 2025 के नवीन भारत मे केन्द्र सरकार द्वारा तीनो सेना प्रमुखो को आतंकवाद का सफाया करने के लिये खुली छुट दी जाती है तो भारतीय सैनिको के द्वारा शेर सी गर्जना के साथ पाकिस्तान के घर मे घुसकर आतंकवादी ठिकानो को नष्ट करने व सो से अधिक आतंकवादियो को मौत के घाट उतारने जैसा साहसी कार्य किया जाता है।

हाल ही मे भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिन्दुर के जरिये विश्व पटल पर भारत की ताकत व सैन्य क्षमता का लौहा मनवाया है। तो केन्द्र की मोदी सरकार ने पाकिस्तान व आतंकवादियो को आर्थिक रूप से तोडने के लिये पानी बंद करने जैसे कई महत्वपूर्ण कदम उठाये है। हजारो की संख्या मे जुटे देश प्रेमियो ने केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के साथ हाथो मे तिरंगा ले भारत माता के जयघोष व पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे नारे लगाते हुये शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुये कोर्ट परिसर पहुंचे। भारत विकास परिषद सहित विभिन्न सामाजिक संगठनो व शहरवासियो ने तिरंगा रैली पर पुष्पवर्षा की।

तिरंगा रैली मे देश को प्रेम करने वाले मुस्लिम भाई भी शामिल हुये। पहली बार तिरंगा रैली मे शामिल मुस्लिम समाज के लोगो ने संदेश दिया कि हिन्दुस्तान की सरजमीन पर रहने वाले सभी वतन के नाम पर एक है। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह ने कहा कि भारतीय सेना के द्वारा ऑपरेशन सिन्दुर मे शौर्य व पराक्रम का प्रदर्शन कर विश्व पटल पर भारत की सैन्य की ताकत व पराक्रम का प्रदर्शन किया। ऐसे सैनिको की बदोलत ही आज हम सुरक्षित है।

इस दौरान मालपुरा विधानसभा तिरंगा यात्रा संयोजक संत कुमार जैन, सहसंयोजक त्रिलोक चन्द जैन,पूर्व पालिका अध्यक्ष राजकुमार जैन सहित बडी संख्या मे भाजपाई व सर्वसमाज के लोग एवं पूर्व सैनिक मौजूद रहै। तिरंगा यात्रा के पश्चात मंत्री ने मालपुरा मे प्रस्तावित नवीन बस स्टेण्ड निर्माण के लिये चिन्हित भूमि पर चल रहै सफाई कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियो को कार्य मे गति लाने के निर्देश दिये।

केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के नेतृत्व मे मालपुरा मे निकाली गई तिरंगा यात्रा।

- केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी सहित भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह भी हुये शामिल

गोदामों व दुकानों से लिये फलो के नमूने

टोंक। आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण एच गुईटे के निदेशों पर आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाये जाने हेतु चिकित्सा विभाग टोंक द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान शुद्ध आहार-मिलावट पर वार के तहत देवली व टोंक शहर की फ्रूट मण्डी में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदनलाल गुर्जर नें देवली उपखण्ड में संचालित फ्रूट गोदामों का औचक निरीक्षण कर फलों के नमूने लिये, इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर द्वारा टोंक शहर की फ्रूट मण्डी मे संचालित फर्मो व गोदामों का औचक निरीक्षण कर फल-फ्रूट (सेब, आम, केला, पपीता, अंगूर, तरबूज, खरबूजा इत्यादि) का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

कलश रथ यात्रा का ग्रामीणों ने किया स्वागत

कोटपूतली। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में जिला कोटपूतली बहरोड़ की सभी तहसीलों में क्रमानुसार पूरे क्षेत्र में दिव्य ज्योति शक्ति कलश रथ यात्रा के आगमान पर जहां क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना हुआ है। वहीं रविवार को दिव्य ज्योति शक्ति कलश रथ यात्रा का कोटपूतली के ग्राम सुन्दरपुरा, कांसली, मोहनपुरा, जोधपुरा होते हुए देर शाम सुजातनगर पहुंची।

जिला समन्वयक कंवरपाल जांगिड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम सुन्दरपुरा में धर्मपाल कसाना व यादराम गुर्जर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। इसी तरह ग्राम कांसली में शिव प्रकाश शर्मा व सन्तोष शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने स्वागत कर दर्शन लाभ लिया। वहीं ग्राम मोहनपुरा में सरपंच श्रीमती गिलको देवी व जगमाल यादव एवं झाबरमल यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने दिव्य ज्योति व शक्ति कलश की आरती उतार कर गांव की सुख समृद्वी की कामना की। देर शाम रथयात्रा ग्राम सुजातनगर पहुंची जहां ग्रामीण हुकमचन्द शर्मा व राजेन्द्र यादव के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया।

ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रा का जैसे ही प्रवेश हुआ तो लोगों ने ना केवल दिव्य ज्योति शक्ति कलश रथ यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया बल्कि समूचे गांव के महिला पुरूष व बच्चों ने दिव्य ज्योति व शक्ति कलश के दर्शन किये। इस दौरान लोगों में एक विशेष उत्साह भी देखने को मिला। रात्री विश्राम के दौरान गायत्री परिवार द्वारा भजन सत्संग का आयोजन भी किया गया। इस दौरान यात्रा प्रभारी बद्रीप्रसाद शर्मा, तहसील समन्वयक महेन्द्र शर्मा, जितेन्द्र सिंह शास्त्री, रंगलाल मीणा, किशोरीलाल शर्मा, किशनलाल शर्मा व दीनदयाल गौड़ सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के लोग मौजुद थे।

दिव्य ज्योति शक्ति कलश रथ यात्रा का स्वागत करते लोग।

केंद्रीय वन मंत्री ने जताई शोक संवेदना

अलवर। केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने रविवार को कठूमर विधायक रमेश खिंची के कठूमर के गांव अखेगढ स्थित निवास स्थान पर जाकर उनकी माता के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। उल्लेखनीय है कि कठूमर विधायक रमेश खिंची की 98 वर्षीय माता कौशल्या देवी का निधन 21 मई को उनके पैतृक गांव अखेगढ में हो गया था। कौशल्या देवी अपने पीछे भरापूरा परिवार छोडक़र गई हैं जिसमें चार पुत्र व दो पुत्रियां हैं। इसके पश्चात मंत्री यादव ग्राम झागडा में दिवंगत बालक के शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देकर ढाढस बंधाकर परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि इस प्रकरण में पुलिस ने एक नाबालिग आरोपी को निरूद्ध किया है। इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, पूर्व केबिनेट मंत्री हेमसिंह भडाणा, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, बन्नाराम मीणा व संजय नरूका सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति मौजूद रहे।

देश सेल्यूट करता है हिंदुस्तान की जांबाज बेटियों को : रामसहाय वर्मा

निवाई। भाजपा महिला मंडल द्वारा पहलगाम आंतकी हमले को लेकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार रविवार को सुबह करीब 8:30 बजे गंणगौरी बाजार स्थित प्राचीन कंकाली माता मंदिर से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विशाल सिंदूर यात्रा निकल गई। सिंदूर यात्रा को विधायक रामसहाय वर्मा, नगरपाध्यक्ष दिलीप इसरानी, शहर मंडल अध्यक्ष नितिन छाबड़ा व महिला मंडल की पूर्व प्रधान ममता जाट के नेतृत्व में रवाना हुई। सिंदूर यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए खारी कुई, सर्राफा बाजार, चौहटी बाजार, बिलाल मार्केट, पुरानी सब्जी मंडी, बड़ा बाजार, पटेल रोड, बस स्टैंड व अहिंसा सर्किल होते हुए गांधी पार्क में सभा के रूप में तब्दील हुई। विधायक रामसहाय वर्मा ने सभी महिला व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर घूमने गए 27 भारतीय पर्यटक पहलगाम में हुए आंतकी हमले में शहीद हुए है। जिससे संपूर्ण भारतवर्ष में शोक की लहर है एवं आतंकवाद के खिलाफ भारी आक्रोश है।

उन्होंने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तानी आतंकियों को करारा जवाब दिया। हमारे देश की सेना की दो बहिन महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिकसिंह ने पाकिस्तान की सीमा में 30 किलोमीटर अंदर घुसकर आतंकी ठिकानों पर हमला बोलकर नेस्तनाबुद कर दिया।

सिंदूर यात्रा में शामिल विधायक व महिलाएं।

परिंदा बचाओ अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों पर बांधे परिंडे

पावटा। पर्यावरण परिवर्तन की वजह से गर्मी में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसके कारण आम इंसानों की तरह ही बेजुबान पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। ऐसे में अब बेजुबान पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने और भूख मिटाने के लिए माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा के द्वारा चलाया जा रहा अभियान परिंडा लगाओ परिंदा बचाओ के तहत श्री श्री 108 मोहनदास रामायणी महाराज के सानिध्य एवं एनजीओ के प्रधान संरक्षक पंडित द्वारकेश मिश्र, राकेश गौड़, विकास शर्मा एवं शिक्षाविद गजानंद टीलावत जी के नेतृत्व में गोपाल भैया मंदिर, अखडेत वाले हनुमान मंदिर एवं नरसिंह जी मंदिर पावटा परिसर में बेजुबान पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए गए। इस अभियान के तहत क्षेत्र में जगह जगह परिंडे और पानी की टंकी लगाई जा रही है। वहीं, सबसे खास बात यह है कि पशु-पक्षियों के लिए परिंडे लगाने के साथ ही इनमें पानी डालने तक की जिम्मेदारी तय की गई है। एनजीओ अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी ने बताया कि ग्रीष्मकाल प्रारंभ होने के साथ ही गर्मी में बेजुबान पशु-पक्षियों को खासा दिक्कतें पेश आती हैं। ऐसे में उनके पीने के पानी की व्यवस्था करने के मकसद से माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा द्वारा क्षेत्र में अधिक से अधिक परिंडे लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान में गैर सामाजिक संस्थाओं (एनजीओ) सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक समितियां और ग्रामीणों को जोड़ कर सभी की जिम्मेदारी तय की गई है। इस अवसर पर समाजसेवी कैलाश चंद शर्मा, मोहन लाल सेन, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज सैनी, अभिषेक शर्मा, उदित मिश्रा, कैलाश बटवाल, धर्मेंद्र बटवाल एवं एनजीओ के सदस्य उपस्थित रहे।

शौर्य और पराक्रम के सम्मान में विराटनगर में तिरंगा यात्रा निकाली

पावटा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता पर भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम के सम्मान में विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक कुलदीप धनकड के नेतृत्व में रविवार को भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने विराटनगर पंचायत समिति परिसर से ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ किया। यह तिरंगा यात्रा रविवार सायं 05 बजे विराटनगर पंचायत समिति परिसर से प्रारम्भ होकर सुभाष चौक पहुँचकर समाप्त हुई।

तिरंगा यात्रा में अपार जोश व उत्साह के साथ वर्तमान व पूर्व जिला परिषद सदस्य, प्रधान, उप प्रधान, पंचायत समिति सदस्य, नगरपालिका के वार्ड पार्षद, सरपंचगण, भाजपा के सभी मोर्चा व मंडलों के अध्यक्ष, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं समेत सैनिक व पूर्व सैनिक एवं आमजन ने भाग लिया। इस दौरान सेना के शौर्य के सम्मान में देश भक्ति नारों से माहौल गुंजायमान हो उठा, तिरंगा यात्रा में देश भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम् और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाये।

यात्रा का जगह-जगह क्षेत्रवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा में प्रशासन की भी माकूल व्यवस्था रही। इस अवसर पर विधायक कुलदीप धनकड ने भारतीय सेना के अदम्य साहस की सराहना की। उन्होंने कहा भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अद्भुत शौर्य का प्रदर्शन किया है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, उप प्रधान राजेंद्र सिंह, एलन स्वामी, सीमा सैनी, बद्री प्रसाद चौहान, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, पावटा बालाजी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, प्रमोद सैनी त्रिवेणी मंडल अध्यक्ष एवं महेश कुमार यादव बाणगंगा मंडल अध्यक्ष, विकास शर्मा विराटनगर मंडल अध्यक्ष, हितेंद्र लाटा, नीरज सैन, मंजीत, रामनिवास यादव, हेमराज सैनी, रामेश्वर यादव, सहित भाजपा पदधिकारी व कार्यकर्ता और देशभक्त नागरिक उपस्थित रहे जिन्होंने भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित इस यात्रा को सफल बनाने में योगदान दिया।

विधायक कुलदीप धनकड के नेतृत्व में रविवार को भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया।

- पंचायत समिति से सुभाष चौक तक भारत माता की जय के नारों से गूंजा शहर, विधायक ने दिखाई हरी झंडी

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

सार-समाचार

मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

चाकसू। महात्मा ज्योतिबा फूले सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं द्वारा बारहवीं बोर्ड के परिणामों में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले सैनी समाज के विद्यार्थियों का उनके घर पहुंचकर सम्मान किया गया। पूर्व पार्षद हनुमान सिंह सैनी ने बताया कि विज्ञान वर्ग में 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर विवेक सैनी पुत्र रामेश्वर सैनी ,90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर अमन सैनी पुत्र कमल किशोर सैनी, 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर भावना सैनी पुत्री रामावतार सैनी एवं कला वर्ग में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर पूजा सैनी पुत्री रामदयाल सैनी व वाणिज्य वर्ग में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर पलक सैनी पुत्री लक्ष्मण सैनी निवासी चाकसू के घर पहुंचकर माला एवं साफ़ा पहनाकर , मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों के परिजनों का भी सम्मान कर महात्मा ज्योतिबा फूले का चित्र भेंट किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद हनुमान सिंह सैनी ने सभी विद्यार्थियों से आगे भी महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले के पद चिन्हों पर चलकर देश , समाज और परिवार का नाम रोशन करने की अपील की। विवेक सैनी , पूजा सैनी व भावना सैनी का लक्ष्य स्यूपीएससी सेवा एवं अमन सैनी का इंजीनियरिंग सेवा में जाने का है। इस अवसर पर मुकेश सैनी , ताराचंद सैनी , राजू जादम, लालचंद सैनी,मुकेश काशीपुरा, लक्ष्मण सैनी आदि मौजूद थे।

सत्यनारायण कुमावत निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत

फुलेरा। फुलेरा तहसील कृषि आदान विक्रेता संघ की एक आवश्यक बैठक का आयोजन रविवार को प्रात: 10 बजे बालाजी बाईपास स्थित देवन्दा भवन परिसर में किया गया। जानकारी के अनुसार बैठक की अध्यक्षता संघ के पूर्व महामंत्री मूल चन्द देवन्दा के द्वारा की गई। वहीं बैठक के बाद संघ के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव सम्पन्न करवाये गये। जिसमें संघ के निवर्तमान अध्यक्ष सत्यनारायण कुमावत को ही सर्व सहमति से पुन: अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर सरंक्षक हीरालाल बरडवाल, विनोद नारायण जोशी, देवी लाल चौधरी, रामकिशोर मीणा, बाबूलाल कुमावत, शिवकरण गुर्जर, मुकेश कुलहरी, गोगराज गुर्जर, सुरेन्द्र निठारवाल, मंगल चन्द रणवा, रामलाल चौधरी, गोपाल लाल कुमावत, गोपाल बालोदिया, महेन्द्र सिंह मीणा, राजेन्द्र कुमावत, लक्ष्मण गुर्जर, नाथूलाल कुमावत, गोपाल देवन्दा, राजू गुर्जर सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

बच्चों को सम्मानित किया

मनोहरपुर। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा जारी कक्षा 12 वीं साइंस, आर्ट्स तथा कॉमर्स के परीक्षा परिणाम 2025 में हर वर्ष की भांति कृष्ण विद्या मंदिर सीनियर सैकंडरी स्कूल मनोहरपुर ने एक बार फिर से सर्वोच्चता के मुकाम को हासिल करते हुए यह सिद्ध कर दिया है कि अगर लक्ष्य अंबर को छूने का हो तो नामुमकिन कुछ भी नहीं है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा प्रतिभाओं का मिठाई खिलाकर, माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। निदेशक डॉ. राजेंद्र यादव ने बताया कि कोमल यादव 96.40, प्रिया कुमावत 96.20, सौम्या पारीक 96.20, किमिशा 95.40, चारु मिश्रा 95, अस्मित सैन 94.20, अमन गोरा 93.40, निकिता शर्मा 93.40, खुशबू यादव 93, अंक प्राप्त किए हैं।

अवैध खनन के खिलाफ राष्ट्रीय लोकदल का विरोध प्रदर्शन किया।

भरतपुर (निस)। बयाना क्षेत्र में तेजी से फैलते अवैध खनन के खिलाफ राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। यह विरोध गांव सालाबाद में राष्ट्रीय सचिव सुरेन्द्र कसाना के नेतृत्व में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। सुरेन्द्र कसाना ने बताया कि बंशी पहाड़पुर और बंध बारैठा क्षेत्र की पहाड़ियाँ अवैध खनन माफियाओं की लापरवाही का शिकार हो रही हैं। पहाड़ों से पत्थरों का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है।

'मन की बात' का लाइव प्रसारण

भरतपुर (निस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' के 122वें संस्करण में पूरे देष को सम्बोधित किया। 'मन की बात' के 122वां एपिसोड का लाइव दर्षन हेतु पूरे देष से 19 राज्यों में एक-एक स्थान को चुना गया जिसमें राजस्थान के भरतपुर जिले के शहर मण्डल भरतपुर को भी यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले 'मन की बात' का लाइव प्रसारण भाजपा शहर मण्डल कार्यालय चौधरी मैरिज होम हीरादस भरतपुर पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के पिता किषन स्वरूप रहे, विषिष्ट अतिथियों में संभाग प्रभारी हेमराज मीणा एवं पूर्व सांसद रंजीता कोली थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें एपिसोड के माध्यम से समस्त भारतवासियों से रूबारूब हुए। इस महत्वपूर्ण एपिसोड में उन्होंने न केवल सामाजिक, आर्थिक और सैन्य मुद्दों पर चर्चा की, बल्कि विकास के सम्बन्धित अनेकानेक महत्वपूर्ण विशयों पर सटीकता और स्पश्टता से अपनी बात रखी। प्रधानमंत्री ने अपने सम्बोधन में ऑपरेषन सिन्दूर की सफलता का बखान करते हुए कहा कि भारतीय सेनाओं के अदम्य साहस और पराक्रम ने प्रत्येक हिन्दुस्तानी का सिर ऊंचा किया है। देष के हर नागरिक ने संकल्प लिया है कि आतंकवाद को खत्म करना है। ऑपरेषन सिन्दूर सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि यह बदलते भारत की तस्वीर है।

- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के पिता किशन स्वरूप रहे, विषिष्ट अतिथियों में संभाग प्रभारी हेमराज मीणा थे

खोया पाया

प्लाट नम्बर 367-ए, संजय नगर-डी, झोटवाड़ा जयपुर, कुल क्षेत्रफल 104 वर्गगज का आवंटन पत्र, जो कि संयुक्त गृह निर्माण सहकारी समिति लि. झोटवाडा जयपुर द्वारा कपूरचन्द जैन के नाम से जारी है, मेरे से सुभाष चौक से झोटवाड़ा के बीच खो गया है, मिलने पर सम्पर्क करें, सबा अली-मो-9414057384

मैं सियाराम सांवरिया पिता सत्यनारायण सांवरिया वार्ड नंबर 12 आसोलाई रोड कुम्हारों का मोहल्ला का रहने वाला हूं मेरे द्वारा मोहनलाल रैगर पिता देवाराम रैगर से इकरारनामे पर पल्लवी विहार बाईपास रोड चाकसू में प्लॉट नंबर 109 खरीदा गया था जिसके साथ उक्त प्लाट का ओरिजिनल पट्टा भी था जो गुम हो गया है मिलने पर संपर्क करें। मों.न.9509093135

I have Lost 500 Shares of Safari Industries Ltd. in the name of Shyam Shankar Dikshit and Som Datt, Folio no. S00901, Certificate No. 340, Distinctive Nos 189256 to 189755. Any person found please contact: Som Datt Dixit, B-169, Janta Colony, Jaipur. Mb. 9414369850

कार्यालय आवासीय अभियंता राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-कोचिंग हब, जयपुर (उपखण्ड दौसा)
(Email Id: rech.rhb@rajasthan.gov.in)

आवश्यक सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवास संख्या 2/83 स्काउट फील्ड योजना सवाईमाधोपुर का आवंटन श्री नारायण प्रसाद शर्मा पुत्र श्री कृष्ण चन्द्र शर्मा के नाम आवंटन पत्र संख्या 1321 दिनांक 19.10.1994 जारी किया गया एवं इनको भौतिक कब्जा दिनांक 05.06.1995 को संभलवा दिया गया। मण्डल द्वारा श्री नारायण प्रसाद शर्मा पुत्र श्री कृष्ण चन्द्र शर्मा के नाम पंजीयन प्रपत्र जारी किये गये जिन्हें पंजीयन कार्यालय सवाईमाधोपुर में दिनांक 22.02.1997 को पंजीबद्ध करवा लिये गये। श्री नारायण प्रसाद शर्मा पुत्र श्री कृष्ण चन्द्र शर्मा द्वारा उक्त आवास का वैचान जरिए पंजीबद्ध विक्रय पत्र के दिनांक 15.02.2008 को श्री शम्भूदयाल मीना पुत्र श्री बसन्तीलाल मीना के नाम कर दिया गया। श्री शम्भूदयाल मीना पुत्र श्री बसन्तीलाल मीना द्वारा उक्त आवास का जरिए पंजीबद्ध दान-पत्र दिनांक 15.01.2025 को श्रीमती ममता मीना पत्नि श्री प्रेमप्रकाश मीना के नाम कर दिया गया। वर्तमान में श्रीमती ममता मीना पत्नि श्री प्रेमप्रकाश मीना द्वारा स्वयं के पक्ष में लीजडीड हस्तांतरण करवाने हेतु प्रशासनिक शुल्क मध्यम आय वर्ग अ जमा करवाकर चालान की मूल तृतीय प्रति व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किये है। अत: आवास संख्या 2/83 स्काउट फील्ड योजना सवाईमाधोपुर के लीज हस्तांतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो लिखित प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती ममता मीना पत्नि श्री प्रेमप्रकाश मीना के पक्ष में उक्त आवास के लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आवासीय अभियंता
राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-कोचिंग हब जयपुर

प्ररूप-10 नियम 6 (7) देखिए

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, सांभर लेक

लोक सूचना

क्रमांक-नपासा/2025/457 दिनांक-23/5/25

मनसुख रियल्टी पता प्लाट नंबर 01, द्वितीय तल, ज्ञान विहार, डी. सीएम. अजमेर रोड, जयपुर जरिये अधिकृत पार्टनर श्री दिनेश कुमावत पुत्र श्री शिवभगवान निवासी गणगौर बाजार फुलेरा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये भू उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है. अर्थात :-

क्र.सं.	जिले का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नम्बर	रकबा	चाहा गया उपयोग
1	जयपुर	सांभर लेक	1320, 1321/2239, 1381/2243	कुल किता 03 रकबा 1.9726 हैक्टेयर	कुल किता 03 रकबा 1.9726 हैक्टेयर भूमि को आवासीय में रूपान्तरण हेतु।

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ (आवासीय भू-रुपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दि